**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तरालेख**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 11-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में ईंट भट्ठों पर बड़ी संख्या में मजदूर काम करते है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हाँ, तो ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चों के लिए उन्हें कुपोषण से बचाने व उनकी देख-रेख के लिए सचल आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित करने पर विचार करेंगे? | प्रदेश में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की सेवायें सार्वभौमिक हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से 06 माह से 06 वर्ष आयु श्रेणी के बच्चों, गभर्वती/धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं (मात्र आकांक्षात्मक जनपद हेतु) के पोषण संबंधी आवश्यकताओं की समग्र रूप से पूर्ति हेतु अनुपूरक पुष्टाहार से लाभान्वित किया जा रहा है।<br>बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से ईंट भट्ठों पर कार्य करने वाले मजदूरों के बच्चों एवं गर्भवती/धात्री महिलाओं को विभागीय सेवाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जनपदों को निर्गत किये गये हैं। जनपदों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार कुल 37294 परिवारों के 58248 लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**अनिल राजभर,**
**मंत्री,**
**श्रम एवं सेवायोजन विभाग**